# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर–272202 उ0प्र0 (भारत)

Email Id: registrar@suksn.edu.in, Website : www.suksn.edu.in


पत्रांक– 664/ कु0स0का0 / सि0वि0वि0 / 2026, दिनांक– 04–08–2026

**सेवा में,**

1. **अधिष्ठाता, समस्त संकाय,**
   **सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।**
2. **प्राचार्य / प्राचार्या,**
   **समस्त सम्बद्ध सम्बन्धित महाविद्यालय,**
   **सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर।**

**विषय–** **भारतीय ज्ञान परिषद द्वारा प्रदेश के विश्वविद्यालयों / निजी विश्वविद्यालयों / निजी संस्थानों के युवाओं के मध्य व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर युवाओं को उद्यमिता के प्रति जागरूक के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या–1236 / सत्तर–1–2026 दिनांक 03 अगस्त, 2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। (छाया प्रति संलग्न)

शासन के उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 03–06–2026 द्वारा प्रश्नगत प्रकरण में मिशन निदेशक, सी0एम0 युवा मिशन, उ0प्र0 के उपरोक्त पत्र दिनांक 08–05–2026 में किए गये अनुरोध के क्रम में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये थे। मिशन निदेशक, सी0एम0 युवा मिशन लखनऊ ने अपने उपरोक्त पत्र दिनांक 08–07–2026 द्वारा अवगत कराया गया कि भारतीय ज्ञान परिषद द्वारा संदर्भित कार्यक्रमों हेतु शुल्क लेने का प्रयास किया जा रहा है, जो स्वीकार्य नही है एवं प्रदत्त अनुमति के विरूद्ध है।

उक्त के क्रम में प्रश्नगत प्रकरण में **शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त निर्गत पत्र संख्या–874 / सत्तर–1–2026 दिनांक 03–06–2026 को निरस्त किये जाने का निर्णय लिया गया है,** जिस हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने का निर्देश प्रदान किया गया है।

अतः उपरोक्त के संदर्भ में संलग्न पत्र के क्रम में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक–** यथोपरि।

04/08/26

**कुलसचिव**
**सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,**
**सिद्धार्थनगर।**

पत्रांक– / तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपि–** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. निदेशक, उच्च शिक्षा प्रयागराज, उ0प्र0।
3. निजी सचिव, कुलपति मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
4. सम्बन्धित पत्रावली हेतु।

**कुलसचिव**
**सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,**
**सिद्धार्थनगर।**

संख्या-1236/सत्तर-1-2026-

प्रेषक,

शकील अहमद सिद्दीकी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1-निदेशक,
उच्च शिक्षा, प्रयागराज
उ0प्र0।
2-कुलसचिव,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

उच्च शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक: 03 अगस्त, 2026

विषय- भारतीय ज्ञान परिषद द्वारा प्रदेश के विश्वविद्यालयों/निजी विश्वविद्यालयों/निजी संस्थानों के युवाओं के मध्य व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर युवाओं को उद्यमिता के प्रति जागरूक के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया मिशन निदेशक, सी0एम0युवा, मिशन कार्यालय,उ0प्र0 के पत्र संख्या-180/मु0यु0उ0वि0अ0/2026-27 दिनांक 08.5.2026 के क्रम में शासन के पत्र संख्या-874/सत्तर-1-2026 दिनांक 03.6.2026 तथा मिशन निदेशक, सी0एम0युवा, मिशन कार्यालय,उ0प्र0 के पत्र संख्या-539/मु0यु0उ0वि0अ0/2026-27 दिनांक 08.7.2026 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उल्लेख करना है कि शासन के उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 03.6.2026 द्वारा प्रश्नगत प्रकरण में मिशन निदेशक, सी0एम0युवा मिशन, उ0प्र0 के उपरोक्त पत्र दिनांक 08.5.2026 में किए गए अनुरोध के क्रम में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये थे। मिशन निदेशक, सी0एम0युवा मिशन लखनऊ ने अपने उपरोक्त पत्र दिनांक 08.7.2026 द्वारा अवगत कराया गया कि भारतीय ज्ञान परिषद द्वारा संदर्भित कार्यक्रमों हेतु शुल्क लेने का प्रयास किया जा रहा है, जो स्वीकार्य नहीं है एवं प्रदत्त अनुमति के विरूद्ध है।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त निर्गत पत्र संख्या-874/सत्तर-1-2026 दिनांक 03.6.2026 को निरस्त किए जाने का निर्णय लिया गया है। कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त

भवदीय,

Digitally signed by
SHAKIL AHMAD SIDDIQUI
Date: 03-08-2026
14:32:17

(शकील अहमद सिद्दीकी)
संयुक्त सचिव

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
सी0एम0 युवा मिशन,
निर्यात भवन कैसरबाग, लखनऊ।

संख्या 1120 /PSHED/2026
दिनांक 8/7/26

संख्या 1236 सत्तर-1-2026

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उ0प्र0 शासन।

पत्रांक- 539 / मु0यु0उ0वि0अ0 / 2026-27

दिनांक - 08.07.2026

महोदय,

कृपया सी0एम0 युवा मिशन कार्यालय के पत्र सं0 180 दिनांक 08.05.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से भारतीय ज्ञान परिषद का विश्वविद्यालयों / निजी विश्व विद्यालयों / निजी संस्थानों में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन का प्रस्ताव इस अनुरोध के साथ अग्रसरित किया गया था कि संदर्भित कार्यक्रमों के आयोजन हेतु उपरोक्तानुसार संस्थानों को आपके स्तर से निर्देशित कर दिया जाय।

उक्त अनुरोध के क्रम में उच्च शिक्षा अनुभाग के पत्र सं0 874 दिनांक 03.06.2026 द्वारा संस्थानों को निर्देश निर्गत किए गए हैं।

भारतीय ज्ञान परिषद द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय मिशन कार्यालय को यह अवगत कराया गया था कि संदर्भित उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम पूर्ण रूप से निःशुल्क कराया जाएगा एवं किसी भी विद्यार्थी से कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा।

विषयगत प्रकरण में कई श्रोतों से मिशन कार्यालय को यह जानकारी प्राप्त हुई है कि भारतीय ज्ञान परिषद द्वारा संदर्भित कार्यक्रमों हेतु शुल्क लेने का प्रयास किया जा रहा है, जो स्वीकार्य नहीं है एवं प्रदत्त अनुमति के विरूद्ध है।

उपरोक्त के दृष्टिगत आपसे अनुरोध है कि कृपया भारतीय ज्ञान परिषद को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्गत उपरोक्त अनुमति निरस्त करने का कष्ट करें, एवं तदनुसार संस्थानों को सूचित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-उपरोक्तानुसार

भवदीय,

(के0 विजयेन्द्र पाण्डियन)
आयुक्त एवं निदेशक उद्योग /
मिशन निदेशक
सी0एम0 युवा मिशन

सचिव
08/07/2026

(एम0पी0 अग्रवाल)
प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

N. 554/VS(NS)/10/6/26

(निधि श्रीवास्तव)
विशेष सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उ0प्र0 शासन।
9.7.26

पृ0सं0- 539 / तद्दिनांक / 08.07.2026

प्रतिलिपिः- आचार्य शिवेन्द्र कुमार, संयोजक, भारतीय ज्ञान परिषद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

मिशन निदेशक
सी0एम0 युवा मिशन

E-4298902
4516/S(AT)/26
VS(N.S)

(मनोज वत्स)
निजी सचिव श्रेणी-4
सचिव, उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।
09

उपसचिव (श्री तिवारी)
10/7/26

SO-1
10.07.2026

श्री श्रीवास्तव / श्री शुक्ला
14/7/26

संख्या-874/सत्तर-1-2026

प्रेषक,

शकील अहमद सिद्दीकी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1-निदेशक,
उच्च शिक्षा, प्रयागराज
उ0प्र0।
2-कुलसचिव,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

उच्च शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक 03 ~~मई~~ जून, 2026

विषय- भारतीय ज्ञान परिषद द्वारा प्रदेश के विश्वविद्यालयों/निजी विश्वविद्यालयों/निजी संस्थानों के युवाओं के मध्य व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर युवाओं को उद्यमिता के प्रति जागरूक के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया मिशन निदेशक, सी0एम0युवा, मिशन कार्यालय,उ0प्र0 के पत्र संख्या-180/मु0यु0उ0वि0अ0/2026-27 दिनांक 08.5.2026 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 08.5.2026 के क्रम में अवगत कराना है कि भारतीय ज्ञान परिषद द्वारा प्रदेश के विश्वविद्यालयों/निजी विश्वविद्यालयों/निजी संस्थानों के युवाओं के मध्य व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर युवाओं को उद्यमिता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें एमएसएमई क्षेत्र से जोड़कर स्वरोजगार से जुड़ने हेतु प्रेरित किया जायेगा। परिषद द्वारा Time UP (Traning for Industries Motivation for Enterpreneurship ) Expo 2026 का आयोजन संलग्न विवरण के अनुसार किया जाना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना(सीएम युवा) प्रदेश सरकार की अत्यन्त महत्वाकांक्षी योजना है जिसके माध्यम से 21-40 वर्ष के युवाओं को रू0 5-00 लाख तक का ब्याज मुक्त गारन्टी मुक्त व 10 प्रतिशत अंशदान सहित ऋण उपलब्ध कराकर उनको सूक्ष्म उद्यम स्थापना के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। विश्वविद्यालयों/संस्थानों में उपरोक्तानुसार जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन से युवाओं में उद्यमिता के प्रसार को बल मिलेगा एवं युवा अपना उद्यम स्थापना हेतु प्रेरित हो सकेंगे।

3- अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया संलग्न पत्र में किए गए अनुरोध के क्रम में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त

भवदीय


Digitally signed by
Shakil Ahmad Siddiqui
Date: 03-06-2026
14:3...
(शकील अहमद सिद्दीकी)
संयुक्त सचिव

संख्या- (1)/सत्तर-1-2026 तद्दिनांक

प्रतिलिपि मिशन निदेशक, सी0एम0युवा, मिशन कार्यालय,उ0प्र0 को उनके पत्र संख्या-180/मु0यु0उ0वि0अ0/2026-27 दिनांक 08.5.2026 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(शकील अहमद सिद्दीकी)
संयुक्त सचिव


उत्तर प्रदेश सरकार
Indian Knowledge Council
TIME UP
EXPO – 2026
'TIME' is Training for Industries Motivation for Entrepreneurship
GRAND UP
Growth, Reach And New Dimensions
BRAND UP
Building Reconstruction And Nationwide Development
युवाओं का विजन, सरकार का मिशन

# TIME UP EXPO – 2026

(Training for Industries Motivation for Entrepreneurship Uttar Pradesh Expo)

TIME UP EXPO – 2026 उत्तर प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर, कुशल और उद्यमशील बनाने की एक सशक्त एवं दूरदर्शी पहल है। यह केवल एक आयोजन नही, बल्कि रोजगार खोजने वाले युवाओं को रोजगार सृजनकर्ता में परिवर्तन करने का एक मिशन है। इस एक्सपो का उद्देश्य युवाओं में स्वावलंबन, नवाचार और उद्यमिता की भावना को जागृत करते हुए उन्हें उद्योग, स्टार्टअप, तकनीक, कृषि-आधारित व्यवसाय एवं स्थानीय संसाधनों से जुड़ी संभावनाओं से जोड़ना है। "लोकल टू ग्लोबल" की सोच के साथ यह मंच स्वदेशी उत्पादों और भारतीय उद्यम माडल को नई पहचान देगा। देश के प्रमुख नीति विशेषज्ञ एवं मेंटर्स के मार्गदर्शन में आयोजित यह एक्सपो प्रशिक्षण, संवाद, अवसर और नवाचार के माध्यम से युवाओं को व्यावहारिक दिशा प्रदान करेगा। TIME UP EXPO – 2026 एक प्रदर्शनी नही, बल्कि युवा शक्ति को नेतृत्व, आत्मविश्वास और साहस से संपन्न कर आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के निर्माण की ओर अग्रसर करने वाला परिवर्तनकारी अभियान है।

## Vision

TIME UP EXPO – 2026 का विज़न उत्तर प्रदेश को भारत का अग्रणी युवा उद्यमिता, कौशल विकास एवं रोजगार सृजन केंद्र बनाना है, जहाँ प्रत्येक युवा आत्मनिर्भर, नवाचारी, सक्षम और विकसित भारत के सक्रिय सहभागी बने। यह पहल युवाओं को केवल स्वरोजगार वाला ही नही, बल्कि रोजगार सृजन करने वाला बनाने की दिशा में कार्य करेगी। "लोकल टू ग्लोबल" की अवधारणा के माध्यम से प्रदेश की प्रतिभा, उत्पादों और नवाचारों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना इसका प्रमुख लक्ष्य है।

## Mission

TIME UP EXPO – 2026 का मिशन युवाओं में स्वरोजगार, स्वावलंबन और स्वाभिमान की भावना को मजबूत करना है। इसके अंतर्गत युवाओं को उद्योग, व्यापार, स्टार्टअप, MSME आधुनिक तकनीक तथा कौशल विकास के अवसरों से जोड़ना, व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना तथा स्थानीय संसाधनों एवं स्वदेशी उत्पादों पर आधारित उद्यमिता को प्रोत्साहित करना शामिल है। यह मंच विशेषज्ञों और युवाओं के बीच संवाद स्थापित कर नवाचार, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देगा, ताकि उत्तर प्रदेश का युवा रोजगार अश्रित नही, बल्कि रोजगार सर्जक बन सके।

# INAUGURATION

## Day 1

- **Session 1 : Career Counselling & Entrepreneurial Mindset**
- **Session 2 : Opportunity Mapping & Problem Identification**
- **Session 3 : Idea Development & Startup Innovation**
- **Session 4 : Startup Structure & Business Blueprint**
- **Session 5 : Financial Management & Money Model**

## Day 2

- **Session 1 : Marketing Strategy & Customer Acquisition**
- **Session 2 : Product Development & Production Planning**
- **Session 3 : Branding, Packaging & Market Positioningn**
- **Session 4 : Quality Control & Government Schemes Support**
- **Session 5 : Business Launch & Startup Pitch**

# VALEDICTORY



22

# एक्सपो सर्टीफिकेट के लाभ

- ✔ बिज़नेस आइडिया से लेकर बिज़नेस लॉन्च तक सपोर्ट
- ✔ सरकारी योजना का लाभ लेने का मार्गदर्शन
- ✔ प्रोफेशनल एक्सपर्ट सपोर्ट
- ✔ Digital Tools और Online Business एक्सपर्ट सपोर्ट
- ✔ सभी बैंको से वित्तीय सहायता प्राप्त करने का सपोर्ट
- ✔ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से सीधा जुड़ाव व एक्सपर्ट सपोर्ट
- ✔ एक्सपो पोर्टल पर पंजीकृत डाटा सीधे CMYUVA हेल्पलाइन से जोड़कर आटो सपोर्ट

## अवलोकनार्थ...

1. उत्तर प्रदेश के समस्त निजी विश्वविद्यालयों में TIME UP EXPO–2026 का चरणवार आयोजन किया जाएगा।
2. प्रत्येक विश्वविद्यालय मे एक्सपो की अवधि 02 (दो) दिवसीय होगी।
3. आयोजन जून माह के द्वितीय अथवा तृतीय सप्ताह से प्रारंभ किया जाएगा।
4. प्रत्येक विश्वविद्यालय अपने सभी छात्रों की अनिवार्य एवं सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करेगा।
5. एक्सपो का आयोजन विश्वविद्यालय के अपने परिसर में किया जाएगा।
6. आयोजन से संबंधित समस्त व्यवस्थाएं विश्वविद्यालय द्वारा स्वयं प्रबंधित की जाएंगी।
7. शत-प्रतिशत छात्र पंजीयन के आधार पर आयोजन की प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
8. प्रत्येक विश्वविद्यालय को आयोजन से पूर्व अपने सभी छात्रों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करना होगा।
9. एक्सपो के प्रबन्धन को सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रत्येक छात्र को ऑनलाइन पंजीयन करना अनिवार्य होगा।
10. पंजीयन हेतु आधिकारिक पोर्टल www.ikcindia.org
11. प्रमाण पत्र/प्रशस्ति पत्र पर पंजीयन के समय भरे गए विवरण ही अंकित किए जाएंगे।
12. छात्र अपना विवरण ध्यानपूर्वक और सही प्रकार से भरें अथवा निम्नलिखित संपर्क सूत्र की सहायता लें
13. विश्वविद्यालय आयोजन हेतु आवश्यक लॉजिस्टिक्स, हॉल, उपकरण एवं संसाधन उपलब्ध कराएगा।
14. आयोजन के सफल संचालन हेतु शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारियों का सहयोग लिया जाएगा।
15. प्रत्येक विश्वविद्यालय द्वारा एक नोडल अधिकारी/समन्वयक नियुक्त किया जाएगा।
16. नोडल अधिकारी एक्सपो से संबंधित सभी गतिविधियों एवं समन्वय के लिए उत्तरदायी होगा।
17. एक्सपो के अंतर्गत प्रशिक्षण, कार्यशालाएं, प्रदर्शनी एवं स्टार्टअप गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।
18. छात्रों को उद्यमिता, स्टार्टअप एवं कौशल विकास से संबंधित व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।
19. विशेषज्ञों (Industry Experts) एवं मेंटर्स को सत्रों हेतु आमंत्रित किया जाएगा।
20. एक्सपो में स्टार्टअप आइडिया प्रस्तुति (Pitching) एवं मूल्यांकन की व्यवस्था की जाएगी।
21. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों/टीमों को सम्मानित किया जाएगा।
22. जिन जनपदों में एक से अधिक निजी विश्वविद्यालय हैं, वहाँ संयुक्त अथवा क्रमवार आयोजन किया जाएगा।
23. विश्वविद्यालय आपसी समन्वय से आयोजन की तिथियाँ एवं स्वरूप निर्धारित करेंगे।
24. एक्सपो के प्रभावी संचालन हेतु डिजिटल डेटा प्रबंधन एवं मॉनिटरिंग प्रणाली अपनाई जाएगी।
25. एक्सपो के प्रचार-प्रसार हेतु डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया एवं संस्थागत माध्यमों का उपयोग किया जाएगा।
26. एक्सपो में पंजीयन हेतु देय प्रति शैक्षणिक श्रेणी के अनुसार भिन्न-भिन्न है जो पोर्टल पर निर्धारित है।
27. कार्यक्रम के दौरान सरकारी योजनाओं, स्टार्टअप नीतियों एवं वित्तीय सहायता से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी।
28. प्रतिभागियों को बैंकिंग, फंडिंग एवं निवेश से संबंधित मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा।
29. प्रत्येक विश्वविद्यालय इस पहल में सहयोगी संस्थान (Partner Institution) के रूप में भागीदारी सुनिश्चित कर सकता है।
30. एक्सपो सहयोगी,स्पांसर बनने व अन्य महत्वपूर्ण जानकारी मात्र हेतु संपर्क: +91 9454040421

**एक्सपो सहायता हेतु सम्पर्क सूत्र**

Mob. : +91 904443-8595,8696,9797,8898 | E-mail : info@ikcindia.org

Organized & Managed By : Indian Knowledge Council